PART-1

पुनर्जागरण काल के प्रमुख खोज यात्री- क्रिस्टोफर कोलम्बस

भाग:-1

डॉ. राजेश कुमार सिंह, भूगोल विभाग

सर्व नारायण सिंह राम कुमार सिंह महाविद्यालय, सहरसा

पुनर्जागरण काल के प्रमुख खोज यात्री (Main Explorers of Renaissance Period)

उत्तर मध्यकाल या पुनर्जागरण काल में पश्चिमी यूरोपीय देशों के शासकों तथा जनता के प्रोत्साहन एवं सहायता से अनेक खोज यात्रियों (नाविकों) ने नये-नये महासागरीय मार्गों और महाद्वीपों, द्वीपों, देशों आदि का पता लगाया। इस युग के खोजयात्रियों में मा्कोपोलो, कोलंबस, वास्कोडीगामा, मैंगेलन, कुक, अमेरिगो वसपुक्की, जोन्स डीमांट, फ्रांसिस ड्रेक, हडसन आदि के नाम विशेष उल्लेखनीय हैं। कुछ प्रमुख खोजयात्रियों की यात्राओं का संक्षिप्त विवरण अग्रांकित है:-

2. क्रिस्टोफर कोलम्बस (Christopher Columbus)

अमेरिका के अन्वेषक के रूप में प्रसिद्ध क्रिस्टोफर कोलम्बस (1451-1506 ई०) का जन्म इटली के जिनोवा नगर में हुआ था। नौ संचालन में कोलम्बस की बड़ी रुचि थी। वह अल्पायु में ही सागर

तटीय व्यापारिक यात्राओं पर जाने लगा था। लगभग 25 वर्ष की आयु में वह लिसबन (पुर्तगाल) में बस गया था और अपने भाई के साथ रहने लगा जो एक मानचित्रकार था। लिस्बन में रहते हुए कोलम्बस ने नौसंचालन और मानचित्रांकन में काफी अनुभव प्राप्त किया। उसने अगले कुछ वर्षों में आइसलैण्ड (1477), मदीरा (1478) और अफ्रीका के पश्चिमी तट (1483) की समुद्री यात्राएं किया था।

कोलम्बस पियरे द एली की पुस्तक 'इमेजिओ मुंडी' से काफी प्रभावित था जिसमें यह बताया गया था कि पृथ्वी गोलाकार है और पृथ्वी के सभी सागरीय भाग परस्पर जुडे हुए हैं। उस समय तक टालमी द्वारा पृथ्वी के आकार (परिधि) की गणना मान्य थी जो वास्तविक से बहुत कम थी। इस प्रकार कोलम्बस को विश्वास हो गया था कि पश्चिम की ओर समुद्री यात्रा करके जापान, चीन, भारत आदि देशों को पहुँचा जा सकता है। वह भारत से होने वाले मसाले के व्यापार के लिए लघु समुद्री मार्ग की खोज करना चाहता था किन्तु वित्तीय प्रबंध के अभाव में यह संभव नहीं था। उसकी इस साहसिक अभियान की योजना जानने पर स्पेन की साम्राज्ञी ईसाबेला ने कोलम्बस के इस अभियान के लिए पूरी सहायता प्रदान की।